**State Council of Educational Research & Training, Chhattisgarh**
**Shankar Nagar, Raipur**

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़, शंकर नगर, रायपुर

Website: http://scert.cg.gov.in Email: scertcg@gmail.com

क्र. / बी.एड. / डी.एड.आनलाइन आबंटन / 12–13 / 3154 रायपुर, दिनाँक 05/07/12

# डी.एड.पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आन लाइन आबंटन कार्यक्रम 2012 की सूचना.

राज्य के शासकीय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों (डाइट) / बी.टी.आई. / अनुदान प्राप्त बी.टी. आई. एवं गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय शिक्षा महाविद्यालयों में संचालित डी.एड. पाठ्यक्रम 2012 में प्रवेश, प्री.डी. एड. परीक्षा 2012 की प्रावीण्य सूची के आधार पर ऑनलाइन आबंटन के माध्यम से संचालक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् द्वारा किया जाना है। इस प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन विकल्प फार्म (Option form) भरने का कार्य **09.07.2012** से प्रारंभ किया जा रहा है। ऑनलाइन आबंटन महाराष्ट्र नॉलेज कारपोरेशन लिमिटेड (MKCL) द्वारा किया जा रहा है। ऑनलाइन आबंटन प्रक्रिया के संबंध में या संस्था आंबटन के संबंध में किसी भी पूछताछ या जानकारी काल सेन्टर 093265–52525 में दूरभाष से प्रातः 9.30 से संध्या 5.30 तक प्राप्त कर सकते है।

**1. ऑनलाइन विकल्प फार्म भरने का स्थान :–** प्री.बी.एड. परीक्षा 2012 में बैठे ऐसे उम्मीदवार क्रमशः जो बी. एड. पाठ्यक्रम के लिए छ.ग.बी.एड. प्रवेश नियम 2006 छ.ग. के अनुसार अर्हताएं रखते हैं तथा जिन्हें यह अनुमान है कि उन्हें बी.एड. पाठ्यकम में प्रवेश मिल सकता है, निम्नलिखित MKCL केन्द्रों में ऑनलाइन आबंटन कार्यकम में वर्णित अवधि में प्रातः 9.30 बजे से संध्या 5.30 बजे तक आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर विकल्प फार्म भर सकते हैं। उक्त अवधि में जो अभ्यर्थी विकल्प फार्म नहीं भर पायें है और पात्र है वे बाद में आबंटन कार्यकम के अनुसार विकल्प फार्म भर सकेंगे परन्तु ऐसे अभ्यर्थियों को सीट्स आबंटन अगले चरण में महाविद्यालयों में शेष रिक्त सीटों पर Rank के आधार पर किये जायेंगे।

| क्र. | विकल्प फार्म भरने हेतु MKCL केन्द्र के नाम व पता | जिला | शहर | दूरभाष नंबर |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अम्बिकापुर | अम्बिकापुर | अम्बिकापुर | 07774–230799 |
| 2. | ग्लोबल मल्टीमीडिया हनुमान मंदिर के पास डी.सी. रोड़ | अम्बिकापुर | अम्बिकापुर | 07774–203096<br>97536–45205<br>78692–93997 |
| 3. | आदर्श एकेडमी ऑफ आई.टी. मुस्कान भवन, न्यू सरकंडा | बिलासपुर | बिलासपुर | 88238–10489 |
| 4. | जी.टी.बी. एकेडमी, हनुमान मंदिर के पास नेहरू नगर बिलासपुर | बिलासपुर | बिलासपुर | 07752–271311<br>93000–21347 |
| 5. | एम्स कम्प्यूटर, डी.पी.विप्र कॉलेज के पास हाईकोर्ट रोड | बिलासपुर | बिलासपुर | 07752–407578 |
| 6. | डी.टेक कम्प्यूटरर्स, बी.एस.एन.एल ऑफिस के सामने राजकिशोरानगर | बिलासपुर | बिलासपुर | 07752–427708<br>92298–28788 |
| 7. | अनिमेश कम्प्यूटर निरालानगर बस स्टेशन रोड़ | बिलासपुर | बिलासपुर | 07752404740<br>9302754329<br>9827154329 |
| 8. | SPS Training & Technology (I) Pvt. Ltd. Kamla Kutir, Jamuna Prasad Verma Bhawan, Nehru Chowk Bilaspur | बिलासपुर | बिलासपुर | 07752–419144 |
| 9 | आकृति इंस्टीट्यूट ऑफ आई.टी. अमर सिनेमा के पीछे, ओस्जवी नर्सिंग होम के सामने गुलमोहर वाटिका ,रूद्री रोड़ | धमतरी | धमतरी | 98264–32896<br>93028–32896<br>07722–236994 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 10 | लॉजिक गेट, नंबर–1 स्टील कालोनी जी.ई. (बाई पास रोड) स्टील कॉलोनी, नेहरूनगर पश्चिम | दुर्ग | भिलाई | 93293–50154<br>73548–83351 |
| 11 | हिमांशु इनफोटेक, 108 न्यू सिविक सेंटर | दुर्ग | भिलाई | 0788–4062445<br>99071–83175 |
| 12 | भारतीय कॉलेज (बी.आई.आई.टी.) पुलगांव चौक दुर्ग | दुर्ग | भिलाई | 9826322230<br>93001–19838 |
| 13 | पेस आई.टी.सिन्धी कालोनी डॉ सिद्दिकी क्लिनिक के उपर स्टेशन रोड गुरूद्वारा के पास | दुर्ग | दुर्ग | 0788–4013474<br>78983–83772<br>98271–71227 |
| 14 | अशरफिया इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन साई मंदिर के पास कसारीडीह | दुर्ग | दुर्ग | 0788–2326540<br>93023–53905 |
| 15 | केडेन्स गर्ल्स कॉलेज पटेल कॉम्पलेक्स पदमानाभपुर | दुर्ग | दुर्ग | 0788–2329922<br>93018–36000 |
| 16 | अपोलो कॉलेज ऑफ एज्यूकेशन ;विटनरी कॉलेज के सामनेद्ध अंजोरा | दुर्ग | अंजोरा | 07882–623444<br>93028–34648 |
| 17 | मनसा कॉलेज कोहका कुरूद रोड़ भिलाई | दुर्ग | भिलाई | 0788–3201582<br>9893750431 |
| 18 | भिलाई कॉलेज ऑफ आई.टी. जामुल भिलाई वार्ड 4, चंडी मंदिर वार्ड अहिरवारा | दुर्ग | भिलाई | 0788–4031830<br>9993728325 |
| 19 | रूगटा कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड टेक्नालॉजी जी.ई.रोड़ गंजपारा, दुर्ग | दुर्ग | दुर्ग | 0788–2322552<br>99930–10010<br>92293–44424 |
| 20 | स्वामी स्वरूपानंद इंस्टीटयुट ऑफ एज्यूकेशन आमदीनगर हुडको भिलाई–दुर्ग | दुर्ग | भिलाई | 0788–2241600<br>96857–89815 |
| 21 | एम.जे.कॉलेज कोहका जुनवानी रोड | दुर्ग | भिलाई | 0788–2294055<br>98931–20381 |
| 22 | कल्यांण पी.जी. कालेज सेक्टर 07 भिलाई नगर | दुर्ग | दुर्ग | 0788–223665<br>98271–06750 |
| 23 | साइबर स्पाट बी.7 नेशनल हाईवे 12 ए. सुन्दरनगर रायपुर रोड बेमेतरा | दुर्ग | बेमेतरा | 93002– 55631<br>07824–222098<br>93002–55623 |
| 24 | जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बस्तर | बस्तर | बस्तर | 07782–262267 |
| 25 | यूनिक कम्प्यूटर ऑफ एजुकेशन जैन मंदिर रोड | बस्तर | जगदलपुर | 07782–226632<br>94252–61196 |
| 26 | सूर्या कॉलेज, गीदम रोड | बस्तर | जगदलपुर | 97555–29670 |
| 27 | जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जशपुर | जशपुर | जशपुर | 07763–223197 |
| 28 | शर्मा कम्प्यूटर्स करबला चौक | जशपुर | जशपुर | 07763–223600<br>94252–52975 |
| 29 | देव कम्प्यूटर<br>जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के पास | जशपुर | जशपुर | 94060–27963 |
| 30 | विद्या कम्प्यूटर एजुकेशन C/o Deep Media एकता चौक | कवर्धा | कवर्धा | 07741–232772<br>94061–64333<br>94076–07454 |
| 31 | फयूचर ब्राइट कम्प्यूटर एजूकेशन कुर्मी छात्रावास बस स्टेन्ड के पास कवर्धा | कवर्धा | कवर्धा | 93004–29449<br>78699–90433 |
| 32 | जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कोरबा | कोरबा | कोरबा | 07759–225328 |
| 33 | राहेन कम्प्यूटर निहारिका टॉकिज के पास | कोरबा | कोरबा | 07759–226144<br>81035–23771 |
| 34 | सेट रायपुर, 12/80 कांशीराम नगर तेलीबांधा, रिंग रोड नं.1 | रायपुर | रायपुर | 0771–4028444<br>97558–84666 |
| 35 | आईसेक (ISAAC) कम्प्यूटर एजुकेशन, 12 साउथ एवेन्यू, प्रथम तल, राजकुमार कॉलेज के सामने चौबे | रायपुर | रायपुर | 0771–4061441 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | कॉलोनी | | | |
| 36 | आई.टी.जीनियस प्रा.लि. पासपोर्ट ऑफिस के ऊपर तीसरी मंजिल दीनदयाल उपाध्याय नगर | रायपुर | रायपुर | 0771–4069861<br>94249–40052 |
| 37 | शिवांता टेक्नालॉजी बिंदा सोनकर स्कूल के सामने, अश्वनी नगर | रायपुर | रायपुर | 94079–02100<br>98061–06161 |
| 38 | प्रिंसेस कालेज धमतरी रोड़ देवपुरी | रायपुर | रायपुर | 0771–4090888<br>93018–36000 |
| 39 | विवेकानंद महाविद्यालय (दुर्गा शिक्षण समिति द्वारा संचालित) के.के. रोड़ मौदहापारा | रायपुर | रायपुर | 0771–2887918 |
| 40 | महात्मा गांधी कॉलेज गुरुद्वारा के पीछे स्टेशन रोड | रायपुर | रायपुर | 0771–4047124<br>94252–04469 |
| 41 | रूगंटा एजुकेशन कैम्पस नंदनवन के पास वीरसावरकर नगर रायपुर | रायपुर | रायपुर | 0771–6666666<br>92291–55566 |
| 42 | गुरूकुल इंस्टीट्यूट केसोछोर रोड़ प्लाट नं. 991/1 | गरियाबंद | गरियाबंद | 07706220325<br>9893388446 |
| 43 | इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी एंड साइंस जनपद कार्यालय के पीछे | गरियाबंद | गरियाबंद | 07706–241502<br>99815–21776<br>99932–43702 |
| 44 | जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पेण्ड्रा | बिलासपुर | बिलासपुर पेन्ड्रा | 07751–224718 |
| 45 | अपेक्स इंस्टीट्यूट टेली एकेडमी<br>कस्तुरबा स्कूल परिसर पुराना रेस्ट हाउस रोड | राजनांदगांव | राजनांदगांव | 07744–409682<br>98261–90095<br>93297–45797 |
| 46 | जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान खैरागढ़ | राजनांदगांव | खैरागढ़ | 07820 & 234204 |
| 47 | अरिहंत कम्प्यूटर एजुकेशन दिग्विजय कालेज रोड़ सोनार पारा त्रिपूरा किराना के सामने विजन इन्फोटेक के सामने | राजनांदगांव | राजनांदगांव | 07744–409555<br>93292–52329 |
| 48 | सी–टेक कम्प्यूटर एजुकेशन बालेराय स्टेडियम के सामने मेनरोड | जंजगीर चांपा | जांजगीर चांपा | 07819–244288<br>93010–30379 |
| 49 | जगरानी देवी शिक्षा महाविद्यालय बारद्वार | जंजगीर चांपा | बारद्वार | 07757–278421<br>94790–38751 |
| 50 | नोबल कम्प्यूटर, राजीव चौक, मेन रोड | नारायणपुर | नारायणपुर | 94255–18385 |
| 51 | जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कांकेर | कांकेर | कांकेर | 07868–224543 |
| 52 | नेशनल कम्प्यूटरर्स चर्च के पास | कांकेर | कांकेर | 98278–87087<br>94252–61817 |
| 53 | जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान धर्मजयगढ़ | रायगढ़ | धर्मजयगढ़ | 07766–266250 |
| 54 | डालफिन कम्प्यूटर एजुकेशन चक्रधर नगर चौक सरला विला के पास | रायगढ़ | रायगढ़ | 07762–222999<br>90398–22411<br>97531–65888 |
| 55 | प्रोग्रेसिव कम्प्यूटर गुरूनानक स्कूल के पास कोस्टापारा नयागंज | रायगढ़ | रायगढ़ | 07762–225540<br>94252–52051<br>74897–15491 |
| 56 | इण्डियन कॉलेज, स्टेशन रोड के पास | महासमुंद | म्हासमुंद | 07723–222121<br>98265–17661<br>94252–15613 |
| 57 | जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान महासमुंद | महासमुंद | महासमुंद | 07723–224781 |
| 58 | ट्रैक कम्प्यूटर साडा काम्पलेक्स ए–12 बस स्टैण्ड | दंतेवाड़ा | दंतेवाड़ा | 07856–252324 |
| 59 | जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान दन्तेवाड़ा | दन्तेवाड़ा | दन्तेवाड़ा | 07856–252283, 252284 |
| 60 | VII Tech Computer College C/o नाईसटेक कम्प्यूटर कॉलेज, झगराखण्ड रोड, विवेकानंद कॉलेज के पास | कोरिया | मनेन्द्रगढ | 07771–241927<br>93015–87039 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | मनेन्द्रगढ कोरिया | | | |
| 61 | एनेक्स कम्प्यूटर एजुकेशन गायत्री मंदिर काम्प्लेक्स पैलेस रोड | रायगढ़ | सांरगढ़ | 07768–233902<br>93009–60024 |
| 62 | SAIT कम्प्यूटर मारिया कालोनी शासकीस अस्पताल के सामने पत्थलगांव | जशपुर | पत्थलगांव | 07765–234000<br>94241–83777<br>9993443101 |
| 63 | ज्ञानदीप हायर सेकेण्डरी स्कूल, जांजगीर | जंजगीर चांपा | जंजगीर चांपा | 07817–222656<br>94252–30436 |

**आवश्यक टीप :–**

**1.1** छ.ग. बी.एड. प्रवेश नियम 2007 के अनुसार छ.ग. राज्य के मूल निवासी विभिन्न संस्थाओं के छ.ग. राज्य हेतु आरक्षित सीटों तथा AIQ (अखिल भारतीय कोटा) के सीटों के लिए विकल्प फार्म उपरोक्त केन्द्रों में से किसे एक केन्द्र में जाकर भर सकते है।

**1.2** अन्य राज्य के अभ्यर्थी उपरोक्त केन्द्रों में से किसी एक केन्द्र में जाकर अखिल भारतीय कोटे के सीटों के लिए विकल्प फार्म भर सकते हैं।

**1.3** MKCL केन्द्रों में परिवर्तन हो सकते है।

## 2. अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक निर्देश –

2.1 उम्मीदवार विकल्प फार्म को भरने से पहले प्री.डी.एड. प्रवेश परीक्षा 2012 के विवरणिका और विकल्प फार्म को ध्यानपूर्वक पढ़ लेवें। डाक से कोई सूचना नहीं दी जावेगी कृपया इसे ही सूचना मानें।

2.2 प्रत्येक आवेदक एक ही विकल्प फार्म भरेंगे। अभ्यर्थी केवल उन्हीं संस्थाओं/महाविद्यालयों का विकल्प भरें जहां वे प्रवेश लेना चाहते हैं।

2.3 विकल्प फार्म पूर्ण रूप से भरें तथा अंतिम दिवस को शाम 5.30 बजे तक ही भरे जा सकेंगे। विकल्प फार्म भरते समय अभ्यर्थी जन्म तिथि, जाति व संवर्ग की भली–भांति जांच कर लेवें।

2.4 अभ्यर्थियों द्वारा भरे हुए विकल्प फार्म का दो प्रिंट आउट MKCL केन्द्र प्रभारी से प्राप्त करें। इसमें MKCL केन्द्र प्रभारी का हस्ताक्षर लें एवं स्वयं भी हस्ताक्षर करें जिसमें से एक अपने पास रखें तथा एक MKCL केन्द्र प्रभारी के पास जमा करें। यह कार्य MKCL केन्द्र छोड़ने के पूर्व करें। विकल्प फार्म में चुने हुए संस्थाओं के नाम, स्थान (कोड) एवं क्रम ठीक से पढ़कर ही हस्ताक्षर करें। हस्ताक्षर करने के बाद कोई भी परिवर्तन मान्य नहीं होगा। अभ्यर्थी विकल्प फार्म स्वयं भरें अथवा अपनी उपस्थिति में MKCL केन्द्र प्रभारी की सहायता से भरें।

2.5 वर्टिकल आरक्षण अथवा होरीजोंटल आरक्षण में जिलेवार आरक्षण लागू होगा अर्थात् अनुसूचित जाति.अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमिलेयर को छोड़कर) के लिए आरक्षण का प्रतिशत जिलेवार आरक्षण अनुसार होगा, जिसकी जानकारी प्री.डी.एड. विवरणिका 2012 के पृष्ठ क्रमांक 43 में दी गई है। यह आरक्षण केवल शासकीय एवं अशासकीय अनुदान प्राप्त संस्थाओं में लागू होगा।

2.6 अभ्यर्थी जिस जिले के डाइट व बी.टी.आई. (अनुदान प्राप्त सहित) में प्रवेश लेना चाहते हैं, उन्हें उसी जिले का निवासी अथवा उसी जिले में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा परन्तु वे किसी भी जिले में स्थित निजी संस्थाओं का विकल्प चुन सकते हैं। अर्थात् किसी एक जिले का अभ्यर्थी उसी जिले में स्थित डाइट अथवा बी.टी.आई. का विकल्प चुन सकते हैं। नये जिलों के अभ्यर्थी अपने पूर्व जिले के डाइट/बी.टी.आई. के लिए आवेदन कर सकेंगे।

2.7 विकल्प फार्म भरते समय किसी भी तरह का दबाव डालने पर या कोई अतिरिक्त राशि चाहे जाने पर एस.सी.ई.आर.टी.रायपुर में शिकायत दर्ज करायें।

2.8 अभ्यर्थी इस विकल्प फार्म के साथ लिखित दस्तावेजों की सत्यापित छायाप्रति जमा करेंगे:

a) प्री.डी.एड. 2012 की अंकसूची। (इन्टरनेट से प्राप्त अंक सूची भी मान्य होगी )
b) अर्हकारी परीक्षा की अंकसूची (12 वीं )
c) जन्मतिथि प्रमाण पत्र हेतु 10वीं अथवा 12वीं की अंकसूची
d) आरक्षित वर्ग व संवर्ग हेतु निर्धारित प्रारूप में प्रमाण पत्र
e) छ.ग.डी.एड.प्रवेश नियम 2007 के 3 (ख) के तहत छत्तीसगढ़ के स्थाई निवासी संबंधी आवश्यकता की पूर्ति हेतु निर्धारित प्रारूप में प्रमाण पत्र (जिले का विवरण अवश्य हो)
f) नाम/उपनाम परिवर्तन संबंधी शपथ पत्र
g) एक पासपोर्ट साइज का फोटो
h) रूपये 300/– काउंसलिंग फीस जमा करने के साक्ष्य के रूप में बैक चालान की SCERT की मूल प्रति

इसके अतिरिक्त प्री.डी.एड.2012 विवरणिका के पृष्ठ क्रमांक 44 के अनुसार अन्य दस्तावेजों की छायाप्रति। इस वर्ष से डी.एड. आनलाइन आबंटन प्रक्रिया के लिए निर्धारित शुल्क 300/– केवल SBI में एस.सी.ई.आर.टी. के पावर ज्योति एकाउन्ट क्रमांक 32402468895 में चालान के माध्यम से ही जमा किये जा सकेगें।

**<u>चालान जमा करने की प्रक्रिया :–</u>** डी.एड. पाठ्यक्रम के लिए निर्धारित शुल्क 300/– व बैंक का प्रक्रिया शुल्क राज्य के SBI के किसी भी शाखा में जाकर एस.सी.ई.आर.टी. रायपुर के **पावर ज्योति एकाउन्ट क्रमांक 32402461389** में जमा कर सकते है। चालान का फार्म MKCL के ऊपर उल्लेखित केन्द्रों में तथा यथासंभव SBI के शाखाओं में निःशुल्क उपलब्ध होगे। डी.एड. हेतु चालान का प्रारूप A अनुसार है – इस चालान की एक प्रति को बैक में जमा करना है। तथा SCERT की मूल प्रति MKCL केन्द्र में विकल्प फार्म भरते समय जमा करना है। पात्र अभ्यर्थी चालान के माध्यम से 300/– की राशि जमा करने के एक दिवस पश्चात् MKCL केन्द्र में जाकर विकल्प फार्म जमा कर सकेगें।

2.9 सीट्स आबंटन सूची जिलेवार जारी होगी। यदि किसी डाइट/बी.टी.आई. में आबंटन के पश्चात् सीट्स रिक्त रह जाती है तो उसे अन्य जिले के अभ्यर्थियों से प्रावीण्यता के आधार पर भरी जा सकेगी। इसके लिए अभ्यर्थियों से विकल्प फार्म भरते समय अलग से विकल्प लिये जायेंगे कि यदि अन्य डाइट/बी.टी. आई. में सीटें रिक्त रही तो इन सीटों के लिए छ.ग.डी.एड.प्रवेश नियम 2007 में 01 अप्रेल 2010 में किये गये संशोधन के अनुसार विकल्प पर आबंटन किया जावेगा।

2.10 डी.एड.पाठ्यक्रम के लिए अभ्यर्थियों को महाविद्यालय/संस्था का आबंटन उसके द्वारा दिए गए ऑनलाइन विकल्प (महाविद्यालयों/संस्था को दी गई प्राथमिकता) एवं प्री.डी.एड.परीक्षा के प्राप्तांक के आधार पर बनाये गये प्रावीण्य सूची में उसका ओवरऑल रैंक तथा सीटों की नियमानुसार उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा।

2.11 छ.ग. के अभ्यर्थी पहले यह अनुमान लगा लें कि उन्हें अपने जिले के डाइट अथवा बी.टी.आई. में सीट्स प्राप्त होंगे अथवा नहीं। जिलेवार सीटों का आरक्षण अनुसूची–I विवरणिका के पृष्ठ क्रमांक 43 में दी गई है। इसके अतिरिक्त वे निजी संस्थाओं के लगभग 540 छ.ग. व 135 AIQ सीटों के लिए विकल्प चुन सकते हैं। सीटों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।

2.12 निम्नलिखित प्रकार के कमियों के कारण विकल्प फार्म रिजेक्ट किए जायेंगे–

a) विकल्प फार्म के प्रिंटेड कापी में उम्मीदवार का हस्ताक्षर नहीं होने के कारण
b) विकल्प फार्म में अभी का पासपोर्ट साइज का फोटो नहीं लगाने पर
C) 2.8 में वर्णित दस्तावेजों में से कोई न होने पर ।
d) चालान की प्रति संलग्न नही करने पर चालान में SBI शाखा के द्वारा दिया गया Transcation ID तथा सील लगा होना अनिवार्य है।

2.13 (i) अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सत्य जानकारी ही देवें।
(ii) यदि अभ्यर्थी द्वारा किसी प्रकार की झूठी या गलत जानकारी व दस्तावेज देकर प्रवेश पा लिया है तो ऐसे अभ्यर्थी को दिया गया प्रवेश उसके अध्ययन की अवधि में बिना किसी पूर्व सूचना के संस्था प्रमुख द्वारा निरस्त किया जा सकेगा तथा नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जा सकेगी।

## 3. आनलाइन विकल्प फार्म भरने के लिए छात्रों को दिये जाने वाला निर्देश व विधि :–

3.1 आवश्यक दस्तावेजों के ( 2.8 के अनुसार )साथ उम्मीदवार अपने पास के MKCL केन्द्र में पहुंचे।

3.2 उम्मीदवारों को वहां ऑनलाइन विकल्प फार्म तथा उसमें प्रिंट किया हुआ निर्देश प्राप्त होंगे।

3.3 उम्मीदवार विकल्प फार्म को ध्यानपूर्वक पढ़े तथा अपनी पसंद की संस्था/महाविद्यालय को प्राथमिकता क्रम देवें।

3.4 MKCL केन्द्र समन्वयक उम्मीदवारों के दस्तावेजों का मूल दस्तावेजों से प्रारंभिक जांच करेंगे।

3.5 संलग्न किए गए दस्तावेज छ.ग.डी.एड. प्रवेश नियम 2007 के अनुसार नहीं होने पर विकल्प फार्म रिजेक्ट किया जायेगा।

3.6 किसी भी उम्मीदवार को दस्तावेज के सत्यापन को लेकर अगर किसी प्रकार की आशंका व विवाद उत्पन्न होने की स्थिति पर एस.सी.ई.आर.टी. स्तर पर गठित हाईपावर काउंसिलिंग समिति से दिशा निर्देश मांगे जायेंगे/शिकायत की जाएगी।

3.7 विकल्प फार्म भरने में MKCL केन्द्र प्रभारी अभ्यर्थियों की सहायता करेंगे। परंतु अभ्यर्थी अपनी उपस्थिति में ही विकल्प फार्म भरें।

3.8 यदि उम्मीदवार को लगता है कि उससे विकल्प फार्म भरने में कोई त्रुटि हो गई है तो वहीं तुरंत उसे ऑनलाइन ठीक कर लें तथा पूरी तरह से आश्वस्त हो जाने के बाद प्रिंट आउट ( दो प्रति ) में हस्ताक्षर कर जमा करें।

3.9 इसकी एक प्रति अभ्यर्थी MKCL केन्द्र समन्वयक से हस्ताक्षर प्राप्त कर अपने पास सुरक्षित रख लेवें अभ्यर्थी प्रिन्ट किये हुए विकल्प फार्म में ही MKCL केन्द्र प्रभारी को हस्ताक्षर कर पावती दे। हस्तलिखित विकल्प फार्म में हस्ताक्षर कर पावती देने पर अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगें।

3.10 दूसरी प्रति के साथ चालान और अन्य आवश्यक दस्तावेज (छायाप्रति) संलग्न कर केन्द्र पर जमा करें। मूल दस्तावेजों को जमा न करें।

3.11 इस प्रकार आनलाइन फार्म जमा करने की प्रक्रिया पूर्ण हो जायेगी।

3.12 इसके बाद प्रथम चरण की सीट्स आबंटन की सूची दावा आपत्ति के लिए जारी किये जायेंगे। इसके लिए सामान्यतः दो या तीन दिवस निर्धारित किये गये हैं। इस समय में यदि कोई आबंटन संबंधी आपत्ति हो तो एस.सी.ई.आर.टी. रायपुर में हाई पावर समिति के समक्ष अपनी आपत्ति दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर दर्ज करावें।

3.13 इसके बाद प्रथम चरण के सीट आबंटन की सूची जारी की जायेगी जिसकी सूचना जहाँ तक संभव हो MKCL सेंटर में प्रदर्शित की जायेगी। अभ्यर्थी इसकी जानकारी MKCL के वेबसाइट http://oasis.mkcl.org/cgded तथा scert के वेबसाइट http://scert.cg.gov.in में भी देखा जा सकेगा।

3.14 अगर छात्र ने अपना मोबाइल नंबर अपने विकल्प फार्म में दिया है, तो उन्हें महाविद्यालय आबंटन होने पर इसकी सूचना SMS की सहायता से भी प्राप्त हो जायेगी। परंतु यह केवल अतिरिक्त सुविधा है। SMS नहीं मिलने पर इसकी जिम्मेदारी एस.सी.ई.आर.टी. व MKCL की नहीं होगी। अभ्यर्थी अपना चयन की जानकारी MKCL के वेबसाइट http://oasis.mkcl.org/cgded में राउन्ड का विकल्प चुनकर विकल्प फार्म क्रमांक अथवा प्री डी. एड. का रोल नं. Submit कर भी पता कर सकते है।

3.15 इस सूचना के बाद उम्मीदवार को MKCL केन्द्र में जाकर (जहाँ उन्होंने फार्म भरा है) अस्थायी आबंटन पत्र (प्रवेश सूचना) प्राप्त करने होंगे। प्रोविजनल आबंटन पत्र SCERT के बेबसाइट से भी प्राप्त कर सकते है। इसे प्राप्त करने के लिए SCERT के वेबसाइट में डी.एड. आबंटन के लिंक का उपयोग कर MKCL के वेबसाइट **http://oasis.mkcl.org/cgded** में जाकर होम पेज में **"अस्थाई आबंटन पत्र प्राप्त करें, " (Provisional Allotment Letter)** संबंधित लिंक में क्लिक कर अपना आवेदन क्रमांक इंटर कर चयन संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

3.16 जो अभ्यर्थी किसी कारण से किसी चरण की आबंटन प्रकिया में शामिल होने के लिए विकल्प फार्म नहीं भर पाये थे और वे पात्र है तो उस चरण के सूची जारी होने के बाद महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित अवधि में (सात दिवस के अन्दर ) MKCL के सेन्टर में जाकर विकल्प फार्म भर सकेगे। उन्हें भी आबंटन प्रकिया में अगले चरण की सूची जारी करते समय प्रक्रिया में सम्मलित किया जावेगा परन्तु उन्हें महाविद्यालय में शेष रिक्त सीटों पर मेरिट के आधार पर ही सीट्स आवंटित किये जायेंगे।

**प्रथम चरण की सीट आबंटन**

1. जो अभ्यर्थी ने अपना विकल्प फार्म निर्धारित तिथि तक MKCL के सेन्टर में जमा किया तथा वहाँ से आवेदन फार्म की कम्प्यूटर प्रिंट में सेंटर प्रभारी के हस्ताक्षर या समन्वयक के हस्ताक्षर कराये हो उन्हीं अभ्यर्थियों का आबंटन हेतु विचार किया जायेगा। अभ्यर्थियों का आबंटन उनके द्वारा भरे गये विकल्प, प्री.डी.एड. के मेरिट तथा वर्ग/प्रवर्ग में वह सीट उसकी बारी आने तक उपलब्ध रहने के आधार पर होगा। आबंटन सूची MKCL के वेबसाइट **http://oasis.mkcl.org/cgded** पर देखा जा सकता है।

2. आप **Provisional Allotment Letter** के विकल्प में जाकर अपना अस्थाई आबंटन पत्र का Print निकाल सकते है।

3. इस चरण में दावा आपत्ति के लिए दो दिवस का समय निर्धारित किया गया है।

## 4. चयनित अभ्यर्थी का महाविद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित होने की प्रक्रिया –

4.1 अभ्यर्थी को आबंटित महाविद्यालय में अस्थाई आबंटन पत्र एवं जिन दस्तावेजों की सत्यापित छायाप्रति विकल्प फार्म के साथ संलग्न किए थे उसके मूल दस्तावेजों के साथ प्रवेश लेने के लिए निर्धारित तिथि के अंदर जाकर प्रवेश लेना होगा। प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि तक प्रवेश न लेने पर अभ्यर्थी प्रक्रिया से बाहर हो जायेगे।

4.2 महाविद्यालय में प्रवेश के लिए अधिकृत अधिकारी द्वारा अभ्यर्थी के मूल दस्तावेजों को जांचकर निर्धारित अवधि में उन्हें प्रवेश दिया जायेगा।

4.3 अगर मूल दस्तावेजों में कोई कमी या त्रुटि पाई जाती है तो उसका चयन निरस्त कर दिया जायेगा।

4.4 मूल दस्तावेज सही पाये जाने पर अभ्यर्थी से निर्धारित प्रवेश शुल्क लेकर महाविद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित की जायेगी। अभ्यर्थी यह भी सुनिश्चित करें कि महाविद्यालय द्वारा उनके प्रवेश को MKCL के वेबसाइट पर अपडेट कर दिया गया हैं तथा ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा पेमेन्ट किया गया रसीद प्राप्त करें।

4.5 महाविद्यालय अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रवेश के अतिरिक्त किसी भी प्रकार का अन्य शुल्क न लेवें। अतिरिक्त शुल्क लेने की शिकायत प्राप्त होने पर महाविद्यालय के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

4.6 चयनित अभ्यर्थी यदि निर्धारित अवधि (प्रवेश के लिए) में महाविद्यालय में प्रवेश नहीं लेता तथा चयन निरस्त कराने की सूचना भी नहीं देता है तो उसका चयन स्वमेव निरस्त हो जायेगा और उसे आगे की प्रक्रिया में सम्मलित नहीं किया जायेगा।

4.7 किसी भी विवाद की स्थिति में संचालक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् का निर्णय अंतिम व बंधनकारी होगा।

4.8 MKCL के साइट पर महाविद्यालय अपना कॉलेज आई डी. व पासवर्ड इंटर कर log in करें तथा प्रवेशित अभ्यर्थियों की जानकारी निरतंर अपडेट करते रहेंगें। संबंधित महाविद्यालय में सीटों की रिक्तियों के आधार पर दूसरे चरण का सीट्स आबंटन की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी।

### 4.3 द्वितीय चरण की काउंसलिंग –

प्रथम चरण के पश्चात् रिक्त रह गई सीटों एवं द्वितीय चरण के रजिस्ट्रेशन के दौरान पूर्व प्रवेशित छात्रों के सीट छोड़ने के कारण रिक्त होने वाली सीटों के आबंटन के लिए द्वितीय चरण में वैसे ही प्रक्रिया अपनायी जाएगी, जो प्रथम चरण में थी। इसके प्रकार निम्नलिखित है –

- **ऐसे अभ्यर्थी जो प्रथम चरण में आबंटन के पश्चात् आबंटित महाविद्यालय/ MKCL केन्द्र में जाकर प्रवेश निरस्त करा चुके है –**
  1. ऐसे अभ्यर्थी यदि अपनी पूर्व आबंटित महाविद्यालय बदलना चाहते है तो उन्हें इसकी अनुमति है। परन्तु यह प्रक्रिया करने के लिए अभ्यर्थी को आबंटित महाविद्यालय/ MKCL केन्द्र में जाकर अपना प्रवेश निरस्त कराना होगा। ऐसा करने पर द्वितीय चरण के आबंटन हेतु प्रथम चरण में आबंटित महाविद्यालय शामिल नही किया जाएगा। इसके लिए अभ्यर्थी को विकल्प फार्म एवं 300/– का बैक चालान बनाने की आवश्यकता नही है। यह अवसर अभ्यर्थी को एक ही बार दिया जाएगा।
  2. ऐसे अभ्यर्थी यदि अपने पूर्व आबंटित महाविद्यालय से संतुष्ट नही है तो उन्हें एक बार विकल्प परिवर्तन का मौका दिया जाएगा। यह प्रक्रिया करने के लिए अभ्यर्थी को उसी MKCL केन्द्र में पुनः जाकर विकल्प फार्म भरना एवं 300/– का बैक चालान बनाना अनिवार्य है।

- **ऐसे अभ्यर्थी जो प्रथम चरण में रजिस्ट्रेशन कराये थे परन्तु आबंटन नही हुआ था –**

ऐसे अभ्यर्थी यदि अपना विकल्प बदलते है तो उन्हे 300/– का बैक चालान जमा करना होगा। यदि विकल्प नहीं बदलना चाहते है तो उन्हें चालान जमा करने की आवश्यकता नहीं है। वे स्वमेव ही मेरिट के आधार पर काउंसलिंग प्रक्रिया में शामिल होगे।

- **ऐसे अभ्यर्थी जो प्रथम चरण में रजिस्ट्रेशन नही करा पाये थे –**
ऐसे अभ्यर्थी द्वितीय चरण में रजिस्ट्रेशन करा सकते है। ऐसा करने के लिए अभ्यर्थी को **बिन्दु क्रमांक 2.8** का पालन करना होगा।

## 6. सीट्स आबंटन का तीसरा चरण –

उपरोक्त प्रक्रिया तीसरे चरण के लिए भी करना होगा।

## 7. डी.एड. ऑनलाइन आबंटन कार्यक्रम –

| क्रं. | विवरण | दिनांक से | दिनांक तक |
|---|---|---|---|
| 1 | विकल्प फार्म ऑनलाइन जमा करना। | 09.07.2012 | 16.07.2012 |
| 2 | दावा आपत्ति के लिए प्रथम चरण के आबंटन सूची । | 18.07.2012 | 20.07.2012 |
| 3 | प्रथम चरण की आबंटन सूची जारी करना | 23.07.2012 | |
| 4 | प्रथम चरण पश्चात् महावि. में प्रवेश की अवधि ( दूसरे चरण के लिए इस बीच छूटे हुए अभ्यर्थी Option Form भरेंगे तथा एक बार विकल्प परिवर्तन कर सकेगें।) | 23.07.2012 | 30.07.2012 |
| 5 | दावा आपत्ति के लिए दूसरे चरण की सूची | 01.08.2012 | 04.08.2012 |
| 6 | दूसरे चरण की आबंटन सूची जारी करना | 06.08.2012 | |
| 7 | महाविद्यालयों में प्रवेश की अवधि (इस बीच छूटे हुए अभ्यर्थी Option Form भरेंगे।) तथा एक बार विकल्प परिवर्तन कर सकेगें। | 06.08.2012 | 13.08.2012 |
| 8 | दावा आपत्ति के लिए तीसरे चरण की सूची | 16.08.2012 | 18.08.2012 |
| 9 | तीसरी सूची जारी करना | 21.08.2012 | |
| 10 | तीसरे चरण में महाविद्यालय में प्रवेश | 21.08.2012 | 28.08.2012 |
| 11 | डी.एड. के लिए तीसरे चरण की Face to Face Councelling एवं प्रतीक्षा सूची। | बाद में तिथि तय की जाएगी | |

इस वर्ष डी.एड. पाठ्यक्रम में अंतिम चरण में face to Face माध्यम से आबंटन प्रक्रिया किया जायेगा। जिसकी सूचना समाचार पत्रों के माध्यम से बाद में प्रकाशित की जायेगी।

## सामान्य निर्देश :–

1. विकल्प फार्म भरने से यह जरूरी नहीं है कि अभ्यर्थी को सीट्स उपलब्ध हो जायें।
2. उपरोक्त ऑनलाइन आबंटन प्रक्रिया का कार्यक्रम संचालक के निर्देशानुसार परिवर्तन किया जा सकता है, इसकी सूचना समाचार पत्रों / एस.सी.ई.आर.टी. के बेबसाइट के माध्यम से दिया जायेगा।
3. अन्य नियम व शर्तें तथा निर्देश प्री.डी.एड. विवरणिका में प्रकाशित नियमों तथा निर्देशों के अनुसार होगा। उपरोक्त जानकारी विस्तृत रूप से http://oasis.mkcl.org/cgded तथा एस.सी.ई.आर.टी. के वेबसाइट http:// scert.cg.gov.in में उपलब्ध होंगे। उक्त साइट में नये महाविद्यालयों की जानकारी भी उपलब्ध होगें। ऑनलाइन आबंटन से संबंधित जानकारी **काल सेन्टर कमांक 093265–52525** से प्राप्त की जा सकती है।

(अनिल राय)
संचालक
एस.सी.ई.आर.टी.रायपुर